# भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर – 643 103
# PASTEUR INSTITUTE OF INDIA, COONOOR – 643 103

## अधिसूचना/NOTIFICATION

सं.No. PII/RECT/2025-26/ 3326 दिनांक/Date: 13/03/2026

**विषय/Sub**: सामान्य भर्ती परीक्षा (सीआरई-4) के माध्यम से भारतीय पास्चर संस्थान में विभिन्न पदों हेतु शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन के संबंध में।

Document Verification (DV) of candidates shortlisted for various posts through CRE-4 at Pasteur Institute of India - Reg.

------

सामान्य भर्ती परीक्षा - 4 विज्ञापन अधिसूचना संख्या 355/2025 दिनांक 11/11/2025 के अंतर्गत 26/02/2026 को प्रकाशित संस्थानों के आवंटन संबंधी अनंतिम परिणाम अधिसूचना के अनुसार भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर को आवंटित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके रोल नंबर के सामने उल्लिखित तिथियों के अनुसार दिनांक 27/03/2026 और 28/03/2026 को प्रत्यक्ष रूप से दस्तावेज़ सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिए बुलाया जाता है। अत: अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे निर्धारित कार्यक्रम एवं नीचे उल्लिखित महत्वपूर्ण टिप्पणियों के अनुसार दस्तावेज़ सत्यापन तथा अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु समय पर उपस्थित हों। यदि सूचीबद्ध कोई भी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार दस्तावेज़ सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं होता/होती है, तो यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी संस्थान में नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है तथा संबंधित पद के लिए उसकी अभ्यर्थिता बिना किसी अन्य सूचना के निरस्त कर दी जाएगी।

In accordance with the Provisional Results Notification regarding the allocation of Institutes published on 26/02/2026 against CRE-4 Advertisement Notice No.355/2025 dated 11/11/2025, the following candidates who have been allocated to Pasteur Institute of India, Coonoor are hereby called to attend the Document Verification (in physical mode) on 27/03/2026 and 28/03/2026 as per the dates mentioned against their roll number. Accordingly, the candidates are hereby instructed to report for document verification and completion of other requirements as per the schedule & important notes mentioned below. If any of the listed candidates fail to report for the document verification as per the schedule, it will be presumed that the candidate is not interested to join the Institute and his/her candidature for the post will be treated as cancelled without any further notice.

**दस्तावेज़ सत्यापन की निर्धारित समय-सारिणी**
**Schedule of Document Verification**

| क्रम. सं.<br>Serial No. | दिनांक<br>Date | रिपोर्टिंग का समय<br>Reporting time | स्थान<br>Venue |
|---|---|---|---|
| 1-17 | 27/03/2026 | 09.30 A.M. | Conference Hall, Pasteur Institute of India, Coonoor - 643 103, The Nilgiris, Tamil Nadu.<br>Contact No.:0423-2231250<br>(Available between 9.30 A.M. to 5 P.M.) |
| 18-35 | 28/03/2026 | | |

अस्थायी रूप से आवंटित अभ्यर्थियों (क्रम संख्या 1 से 35) की सूची का विवरण, अर्थात् उनका रोल नंबर, उनकी श्रेणी, आवंटित श्रेणी, समग्र रैंक तथा पद नीचे उल्लिखित हैं:

The list of provisionally allocated candidates (S. No.1 to 35) details, i.e., their Roll No., Candidate Category, Allotted Category, Overall Rank and post are mentioned below:

| क्रम. सं. Sl. No. | रोल नंबर Roll Number | अभ्यर्थी की श्रेणी Candidate Category | आबंटित श्रेणी Allotted Category | समग्र रैंक Overall Rank | पद Post |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7207683 | UR | UR | 1 | Junior Engineer (Safety) |
| 2 | 7225759 | UR | UR | 1 | Junior Engineer (Instrumentation) |
| 3 | 7228307 | OBC | UR | 7 | Junior Engineer (Mechanical) |
| 4 | 7206670 | UR | PwBD | 133 | Library Information Assistant |
| 5 | 7200063 | OBC | OBC | 21 | Research Assistant |
| 6 | 7200940 | OBC | OBC | 14 | |
| 7 | 7202103 | OBC | UR | 13 | |
| 8 | 7202312 | ST | ST | 157 | |
| 9 | 7205020 | UR | UR | 2 | |
| 10 | 7212317 | OBC | UR | 11 | |
| 11 | 7213086 | OBC | OBC | 17 | |
| 12 | 7213307 | SC | SC | 16 | |
| 13 | 7213492 | UR | UR | 3 | |
| 14 | 7217393 | UR | UR | 6 | |
| 15 | 7219791 | ST | ST | 152 | |
| 16 | 7220555 | SC | SC | 38 | |
| 17 | 7220987 | OBC | UR | 8 | |
| 18 | 7223358 | EWS | UR | 1 | |
| 19 | 7224453 | OBC | OBC | 19 | |
| 20 | 7226884 | ST | UR | 4 | |
| 21 | 7226989 | EWS | EWS | 59 | |
| 22 | 7227167 | SC | SC | 58 | |
| 23 | 7228746 | OBC | OBC | 20 | |
| 24 | 7229643 | UR | UR | 5 | |
| 25 | 7233182 | UR | UR | 9 | |
| 26 | 7233554 | OBC | UR | 12 | |
| 27 | 7234055 | EWS | EWS | 57 | |
| 28 | 7235273 | SC | SC | 63 | |
| 29 | 7236064 | OBC | UR | 7 | |
| 30 | 7237535 | SC | SC | 91 | |
| 31 | 7205576 | OBC | UR | 34 | Assistant Research Officer |
| 32 | 7207025 | SC | SC | 175 | |
| 33 | 7213668 | UR | UR | 10 | |
| 34 | 7214107 | OBC | OBC | 51 | |
| 35 | 7237597 | EWS | EWS | 226 | |

**महत्वपूर्ण टिप्पणियां / IMPORTANT NOTES**:

1. दस्तावेज़ सत्यापन हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाना उपरोक्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए जाने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है। अंतिम चयन सूची दस्तावेज़ सत्यापन के पश्चात तथा उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के आधार पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
   Having been shortlisted for Document Verification does not entail any right for issuing an Offer of Appointment to the above-listed candidates. The final selection list will be published only after document verification, and depending on the number of vacancies available.

2. उपरोक्त सूची पूर्णत: अनंतिम है और इस अधिसूचना की शर्तों एवं नियमों के अतिरिक्त, प्रमाणपत्रों/दस्तावेज़ों के विस्तृत परीक्षण/सत्यापन के अधीन इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। इस संबंध में, भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
   The above list is purely provisional and may vary after detailed examination/verification, besides any terms and conditions of this Notification. The decision of the Competent Authority, Pasteur Institute of India, Coonoor (PIIC), in this regard shall be final.

3. अभ्यर्थी की पात्रता निर्धारित करने हेतु सभी पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित सामान्य भर्ती परीक्षा के विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार होगा। इसमें अधिसूचना संख्या 355/2025 दिनांक 11/11/2025 तथा तत्पश्चात प्रकाशित कोई भी शुद्धिपत्र या अनुशेष, यदि हो, सम्मिलित होंगे।
   All eligibility criteria, terms & conditions for determining a candidate's eligibility will be in accordance with the advertisement notice published by AIIMS, New Delhi for the COMMON RECRUITMENT EXAMINATION (CRE) - 4. This includes Notice No. 355/2025 dated 11/11/2025 as well as any subsequent corrigendum or addendum published, if any.

4. यदि सूचीबद्ध किसी भी अभ्यर्थी के बारे में किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि वह किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती तो, उसकी अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताए निरस्त कर दी जाएगी। इस संबंध में भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर के सक्षम प्राधिकार का निर्णय अंतिम होगा।
   In case any of the listed candidates is found not fulfilling any of the eligibility criteria at any stage, then his/her candidature/selection will be cancelled without giving any further reason. The decision of the Competent Authority, Pasteur Institute of India, Coonoor, in this regard shall be final.

5. अभ्यर्थी द्वारा दावा की गई डिग्री/डिप्लोमा सरकार/यूजीसी/विश्वविद्यालय या संबंधित बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए। अभ्यर्थियों को भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर के प्राधिकरण की संतुष्टि हेतु मान्यता का दस्तावेज़ प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। **प्रमाण प्रस्तुत**

**न करने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता बिना कोई अतिरिक्त कारण बताए तथा बिना कोई अवसर दिए निरस्त कर दी जाएगी। इसी प्रकार, यदि कोई अभ्यर्थी किसी योग्यता को डिग्री डिप्लोमा के समकक्ष बताता है, तो उसे अनिवार्य रूप से सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।**

The Degree/Diploma qualification as claimed by the candidate(s) should be recognized by the concerned Board/University/UGC/Government. The candidates have to submit documentary proof to the satisfaction of the authority of Pasteur Institute of India, Coonoor, that the same is recognized by the Government Authority. **If anyone fails to submit documentary evidence, then his/her candidature will be cancelled without giving him/her any further reason and opportunity. Similarly, while claiming any qualification as equivalent to a degree/diploma, the candidate also has to mandatorily submit documentary proof issued by the appropriate authority**.

6. दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों की सूची सामान्य मेरिट सूची नहीं है और इसका वरिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वरिष्ठता का निर्धारण भारत सरकार के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

   The list of candidates called for document verification is not the common merit list and will have no bearing on seniority. The seniority will be determined as per Government of India Rules.

7. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे मूल दस्तावेज़ अपने साथ लाए एवं संलग्नक-क के अनुसार सत्यापित/स्वयं सत्यापित प्रतियों के दो अतिरिक्त सेट भी साथ रखें।

   Candidates are requested to bring the original documents with them, along with two additional sets of attested/self-attested photocopies as per **Annexure-A**.

8. वैध ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र की तिथि: ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36036/2/2013-Estt.(Res.) दिनांक 30/05/2014 तथा दिनांक 14/03/2016 के स्पष्टीकरण के अनुसार निर्धारित प्रारूप में वैध जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाणपत्र (डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन संख्या 26012/22/93-Estt.(SCT) दिनांक 08/09/1993 में उल्लिखित प्राधिकारी द्वारा जारी) में अभ्यर्थी की 'गैर क्रीमी लेयर' स्थिति का उल्लेख होना चाहिए। **गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र वित्तीय वर्ष 2025-2026 के दौरान जारी किया गया होना चाहिए (जिसमें 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष तक की आय को ध्यान में रखा जाए), अर्थात यह 01 अप्रैल 2025 से आवेदन की अंतिम तिथि 02 दिसंबर 2025 के बीच जारी किया गया होना चाहिए। वे ओबीसी अभ्यर्थी जो 'गैर क्रीमी लेयर' से संबंधित हैं तथा जिनकी जाति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित केंद्रीय ओबीसी सूची में सम्मिलित हैं, वे ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत पात्र होंगे।** दस्तावेज़ सत्यापन के समय, अभ्यर्थी को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए वैध और उपर्युक्त अवधि के भीतर जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, साथ ही पुराना जाति प्रमाणपत्र तथा नए प्रमाणपत्र के लिए आवेदन

करते समय प्राप्त स्वीकृति पर्ची भी प्रस्तुत करनी होगी। यदि कोई अतिरिक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो उसमें पहले से जारी मूल जाति प्रमाणपत्र का संदर्भ अवश्य होना चाहिए।

Date(s) of valid OBC (NCL) certificate: Candidates applying under the OBC category must produce the valid caste certificate in the format provided by the **DoP&T vide O.M. No. 36036/2/2013-Estt. (Res.) dated 30/05/2014 and further clarification issued by DoP&T O.M. No. 36011/1/12-Estt. (Res.) dated 14/03/2016**. The certificate must mention the non-creamy layer status of the applicant (Non-creamy layer status issued by an authority mentioned in DOPT Office Memorandum No.36012/22/93-Estt. (SCT) dated 08/09/1993). **The non-creamy layer certificate should have been issued during the financial year 2025-2026 (considering income up to the financial year ending on 31$^{st}$ March, 2025), i.e., issued on or after 01st April, 2025, to the last date of application i.e. 02$^{nd}$ December, 2025.** At the time of Document Verification, the applicant must produce the applicable certificate valid for the financial year (2025-2026) and issued within the date, as mentioned above along with the old certificate and the acknowledgement slip generated while applying for the new certificate. This additional certificate (if any) must have a reference to his/her already issued original caste certificate.

9. वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की तिथि: ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत विज्ञापित रिक्तियाँ डीओपीटी, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt.(Res) दिनांक 30/01/2019 के अनुसार हैं। **ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आवेदन तभी स्वीकार किया जाएगा जब निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाएगा तथा उसकी सत्यता की पुष्टि जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा की गई हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय के आधार पर 01/04/2025 से 02/12/2025 के बीच जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए वैध हो, मान्य होगा।**

*प्रमाणपत्र की भाषा हिंदी/अंग्रेजी में तथा केंद्रीय सरकार के निर्धारित प्रारूप में होनी चाहिए। उपर्युक्त निर्दिष्ट तिथियों के पश्चात जारी किया गया कोई भी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र अमान्य माना जाएगा।

Date(s) of valid EWS certificate: - The vacancies advertised under EWS Category are as per the instructions issued by DoPT, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pension, Govt. of India, vide O.M. No.36039/1/2019-Estt (Res), dated 31/01/2019. Application under the EWS category will be considered, subject to submission of an Income and Assets certificate on a prescribed format issued by the competent authority and subject to verification of the genuineness of the certificate by the issuing authority. In pursuance of DoP&T O.M. No.36039/1/2019-Estt (Res), dated 31/01/2019, **an EWS certificate issued in the prescribed format for employment in Central Government on the basis of income of financial year 2024-2025 issued from 01/04/2025 to 02/12/2025 valid for the financial year 2025-2026 will be considered valid**.

*The language of the Certificate should be in Hindi/English Language and in the prescribed format for central Government. Any EWS certificate issued beyond above said dates will be treated as invalid.

10. जो अभ्यर्थी दस्तावेज़ सत्यापन के समय या जब भी आवश्यक हो, वैध श्रेणी प्रमाणपत्र, ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/पीडब्लूडी आदि प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं, उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे दस्तावेज़ सत्यापन के समय वैध श्रेणी प्रमाणपत्र अवश्य प्रस्तुत करें।

**Candidates who fail to produce a valid category certificate, OBC/EWS/SC/ST/PWBD etc., during document verification or as and when required to produce the same, the candidature will be cancelled. All candidates are advised to produce valid category certificate during the Document Verification (DV) to avoid cancellation of candidature at any stage of the recruitment process.**

11. जिन अभ्यर्थियों को विज्ञापन के अनुसार अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय इसे प्रस्तुत करना होगा। इसके अभाव में उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी अभ्यर्थिता निरस्त मानी जाएगी।

**Those candidates who are mandated to produce a No Objection Certificate (NOC), as per the advertisement, are required to produce the same for document verification; without the same, they shall not be allowed to participate in the document verification process, and their candidature will be treated as cancelled.**

12. अंतिम चयन पूर्णतः योग्यता के आधार पर किया जाएगा, बशर्ते अभ्यर्थी विज्ञापन के अनुसार सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। भर्ती प्रक्रिया को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने का प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध नियम/कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

The final selection will be purely on merit who fulfils all eligibility criteria as per the advertisement. Action as warranted under the Rules/Law will be taken in respect of those candidates found influencing the recruitment process in any manner.

13. उपरोक्त पदों हेतु दस्तावेज़ सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों की सूची तैयार करते समय पूर्ण सावधानी बरती गई है, तथापि भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर अनजाने में हुई त्रुटि या टंकण त्रुटि, यदि कोई हो को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

While every care has been taken in preparing the above list of candidates for the aforesaid posts to be called for Document Verification, however, Pasteur Institute of India, Coonoor reserves the right to rectify inadvertent errors or typing mistakes, if any.

14. दस्तावेज़ सत्यापन हेतु कॉल लेटर की हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी। अतः भविष्य में दस्तावेज़ सत्यापन की सूचना प्राप्त न होने का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

No hard copy of the call letter for Document Verification will be sent by post; therefore, the claim of the candidate for not receiving the intimation about document verification at any later date will not be considered.

15. दस्तावेज़ सत्यापन में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता अथवा कोई अन्य व्यय भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर द्वारा देय नहीं होगा।
No Travelling Allowance or any other expense for attending the Document Verification will be admissible by Pasteur Institute of India, Coonoor.

16. कृपया इस भर्ती से संबंधित किसी भी परिवर्तन या अन्य विवरण हेतु संस्थान की वेबसाइट https://pasteurinstituteindia.in नियमित रूप से देखें।
Please visit the Institute's website regularly, i.e., https://pasteurinstituteindia.in, for any subsequent changes and other details about this recruitment.

**महत्वपूर्ण: ऐसे व्यक्तियों/दलालों से सावधान रहें जो अवैध धनराशि लेकर चयन करवाने का झूठा आश्वासन देकर गुमराह करते हैं।**
**IMPORTANT: Beware of the touts who may misguide the candidates with false promises of getting them selected on illegal consideration.**

13/03/2026

निदेशक/Director

**संलग्नक-क/Annexure-A**

**Please bring the following original documents along with two sets of attested/self-attested photocopies of the said documents:**

1. अभ्यर्थी के पासपोर्ट आकार के फोटो (10 प्रतियां)।
   Passport size photograph of candidate (10 copies).

2. डाउनलोड की गई पंजीकरण पर्ची/ऑनलाइन आवेदन की स्वयं-सत्यापित प्रति।
   Self-attested copy of registration slip/online application as downloaded.

3. लिखित परीक्षा/सीबीटी के लिए जारी किए गए प्रवेश पत्र/कॉल लेटर की प्रति।
   Copy of Admit Card/Call letter issued for Written Examination/CBT.

4. फोटोयुक्त पहचान प्रमाण (आधार/पैन/मतदाता पहचान पत्र/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट/फोटो सहित बैंक पासबुक)।
   Photo bearing identity Proof (Aadhar/PAN/Voter ID/Permanent Driving license/Passport issued by the Government/Bank passbook with photo).

5. पते का प्रमाण (आधार/मतदाता पहचान पत्र/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/राशन कार्ड/सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट/फोटो सहित बैंक पासबुक)।
   Address Proof (Aadhar/Voter ID/Permanent Driving license/Ration card/Passport issued by the Government/Bank passbook with photo).

6. जन्मतिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाण पत्र/मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र/सरकार द्वारा जारी पासपोर्ट/पैन/आधार/मतदाता पहचान पत्र/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस)।
   Proof of Date of Birth (Birth certificate/Matriculation certificate/ Passport issued by the Government/PAN/Aadhar/Voter ID/Permanent Driving license).

7. कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र।
   Class 10th & 12th Marksheet and Certificates.

8. डिप्लोमा/डिग्री की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र जिसमें यह प्रमाणित हो कि आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूर्ण की गई है।
   Marksheet & Certificate of Diploma/Degree establishing that the essential educational qualification has been met.

9. अनुभव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) जिसमें अनुभव की अवधि स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो तथा जिसमें यह स्थापित हो कि अभ्यर्थी ने आवश्यक अनुभव संबंधी पात्रता पूरी की है।
Experience Certificate (if applicable) clearly stating the duration of experience establishing the eligibility of candidates in fulfilment of essential experiences as applicable.

10. पीडब्लूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) – दिव्यांगता प्रमाणपत्र राज्य या केंद्र सरकार अस्पतालों/संस्थानों के विविधवत गठित एवं अधिकृत चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी होना चाहिए और नियमों के अनुसार चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएओ)/अस्पताल/संस्थान के प्रमुख द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।
PwBD Certificate (if applicable) - The disability certificate should be issued by a duly constituted and authorized Medical Board of the State or Central Govt. Hospitals/Institutions and countersigned by Medical Superintendent/CMO/Head of Hospital/Institution as provided under the rules.

11. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्लूएस/एससी/एसटी/ओबीसी (गैर क्रीमी लेयर (यदि हो) प्रमाणपत्र। जिन अभ्यर्थियों ने स्वयं को ओबीसी श्रेणी का बताया है, उन्हें विज्ञापन के नियम एवं शर्तों सहित भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार की सेवाओं के लिए मान्य ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
EWS/SC/ST/OBC (Non-creamy layer) (if any) Certificate from the appropriate authority. Those candidates who have claimed belonging to OBC have to produce an OBC (Non-creamy layer) certificate applicable for Central Government jobs having validity as per GoI instructions/ terms & condition of the Advertisement.

12. यदि अभ्यर्थी किसी सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम संस्थान में कार्यरत है, तो उसे अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) अथवा कार्य-मुक्ति आदेश प्रस्तुत करना होगा।
If the candidate is working in a Government/Semi-Government/PSU Institution- No Objection Certificate/Relieving order from their present employer.

13. रु 20/- के गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर संलग्नक-ख के अनुसार विधिवत नोटरीकृत शपथपत्र।
An Affidavit on Non-Judicial Stamp Paper of denomination of Rs. 20/- as per **Annexure-B** duly notarized.

14. अन्य कोई प्रासंगिक दस्तावेज़।
Any other relevant documents.

15. आवेदन पत्र में किए गए सभी दावों को उपलोड किए गए प्रमाणपत्रों के सत्यापन के उपरांत ही स्वीकार किया जाएगा।
All claims made in the application form will be allowed after scrutinizing the uploaded certificates.

**संलग्नक-ख/Annexure-B**

**<u>शपथपत्र/AFFIDAVIT</u>**

**<u>रु20/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर</u>**

**<u>Non-Judicial Stamp paper of denomination of Rs. 20/-</u>**

1. मैं,श्री/सुश्री/श्रीमती..........................................................................................
आयु...........................वर्ष.......................................................................का
पुत्र/की पुत्री/पत्नी...........................................................................का/की
निवासी, शपथपूर्वक यह घोषित करता/करती हूँ कि विज्ञापन के अनुसार आवश्यक योग्यता के रूप में मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सभी डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त है। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन की अंतिम तिथि तक विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव तथा अन्य सभी पात्रता मानदंडों के अनुसार, मैंने जिस पद के लिए आवेदन किया है, मैं उसके लिए आवश्यक सभी पात्रता शर्तों को पूरा करता/करती हूँ।

I, Mr./Mrs./Ms. ..................................................................................
age........... Son/Daughter/Wife of.........................................................
resident of
........................................................................................... do hereby give an affidavit that all the degree/diploma constituting the essential qualification as per the advertisement, submitted by me in support of this application, are from recognized University/Institution. I hereby undertake that I possess/meet all eligibility criteria for the post I have applied as on the last date of the receipt of application, as per the prescribed qualification, age, experience, and other eligibility criteria as per the advertisement.

2. मेरे द्वारा भारतीय पास्चर संस्थान, कुन्नूर को प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित डिग्री/डिप्लोमा भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त है। यदि भविष्य में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई डिग्री/डिप्लोमा संबंधित सरकारी प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है, तो पद ग्रहण करने के पश्चात भी मेरी नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

The degree/diploma as mentioned on my online application as submitted to Pasteur Institute of India, Coonoor are recognized by the appropriate agency of the Government. In case, my declared degree/diploma is found to be not recognized by the concerned government agency, then my appointment may be cancelled even after joining the post.

3. यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई कोई भी सूचना असत्य है अथवा मैं, विज्ञापन में निर्दिष्ट किसी भी पात्रता मानदंड को पूर्ण नहीं करता/करती तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा उससे संबंधित समस्त कार्यवाही प्रारंभ से ही शून्य मानी जाएगी। इसके अतिरिक्त, मेरे विरुद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली प्रशासनिक अथवा विधिक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें संस्थान को हुई वित्तीय हानि की वसूली भी सम्मिलित हो सकती है।
That if at any stage it is found that any of the information furnished by me to be false or I am not fulfilling any of the eligibility criteria of the advertisement, then my selection to the post will be cancelled and all subsequent actions to it may be considered void ab-initio besides any such administrative or legal action as the Competent Authority deemed fit to take against me including recovery of financial loss sustained.

**शपथकर्ता/Deponent**

**<u>सत्यापन/Verification</u>**

4. मैं, उपर्युक्त नामित शपथकर्ता, यह सत्यापित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त शपथपत्र में उल्लिखित सभी कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णत: सत्य एवं सही हैं तथा इसमें कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है।
I, the above-named deponent, do hereby solemnly affirm and declare that all the contents of the above affidavit are correct and true to the best of my knowledge and belief, and nothing has been concealed therefrom.

भारतीय पास्चर संस्थान में ................................................................ दिनांक को सत्यापित किया गया।
Verified at Pasteur Institute of India on this Date ..........................

**शपथकर्ता/Deponent**